तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 16 जनवरी 2024


13 शासकीय विद्यालय डोंडीलोहारा में युवा दिवस पर हुए विविध ...



12 अक्षत वितरण कर घर-घर दिया जा रहा आमंत्रण





## खबर संक्षेप

### गुरेदा में मड़ई-मेला आज

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी गुरेदा के तत्वावधान में आज 16 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष कमलेश, सरपंच हेमंत निषाद, देवेंद्र सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे से ज्ञान के पूजा मूडमाडी नाचा पार्टी महाराष्ट्र वालों का आयोजन रखा गया है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### ग्राम सांकरी में मेला मड़ई कल

**लाटाबोड़।** ग्राम सांकरी में 17 जनवरी को मेला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। उपसरपंच युगल ताम्रकार एवं पंच प्रकाश सिन्हा ने बताया कि इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक नाच पार्टी ग्राम घीना (अर्जुन्दा) वाले अपनी प्रस्तुति देंगे।

### कुथरेल में मड़ई-मेला आज

**अंडा।** क्षेत्र के ग्राम कुथरेल में 16 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। सरपंच राजश्री प्रदीप चन्द्राकर, उपसरपंच लोमश चद्राकर व प्रदीप चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे से मोर संगी जहुंरिया नाचा पार्टी ग्राम गुजरा जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### किसानों ने अब तक बेचा 1283.65 करोड़ का धान

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 164 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 01 लाख 24 हजार 132 किसानों द्वारा कुल 05 लाख 86 हजार 208 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 1283 करोड़ 67 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 04 लाख 88 हजार 993 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 03 लाख 66 हजार 352 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 02 लाख 19 हजार 856 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 5623 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 20 हजार 631 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

### बघमरा में भक्त गुहा निषाद राज जयंती कार्यक्रम आज

**गुण्डरदेही।** पंचगैहा निषाद समाज व समस्त ग्रामवासी ग्राम बघमरा के तत्वावधान में मंगलवार 16 जनवरी को राम जानकी मंदिर प्रांगण बघमरा में भक्त गुहा निषाद राज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला निषाद समाज बालोद राजेन्द्र निषाद करेंगे।

# डौंडी की बालिकाओं ने किया शानदार प्रदर्शन, राज्यस्तरीय महिला फुटबॉल लीग में जीता तीसरा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

छत्तीसगढ़ राज्य 4 थी महिला फुटबॉल लीग में डौंडी की बालिका टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, भिलाई सहित 6 टीमें शामिल हुई थीं।

छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के तत्वावधान में भिलाई, रायपुर, दल्लीराजहरा में 8 अक्टूबर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक चौथी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल लीग 2023-24 का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में गर्ल्स फुटबॉल क्लब डोंडी, एमजीएम भिलाई, शेरा रायपुर, यूनिवर्सल दुर्ग, दुर्ग फुटबालर दुर्ग, जेआरसी रायपुर के मध्य आयोजित लीग में सभी टीमों ने 10-10 मैच खेले। प्रतियोगिता में डोंडी की बालिका टीम ने पहली बार भाग लेकर बहुत ही शानदार खेल का प्रदर्शन किया। टीम ने अपने सभी 10 मैचों में से 5 में जीत हासिल की, जबकि 1 ड्रा रहा, वहीं 4 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। इस तरह लीग में 16 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस लंबे लीग मैच में खेलने से बालिकाओं को आगामी समय के लिए खेल का अनुभव प्राप्त हुआ, जो कि बालोद जिला और क्षेत्र से पहली बार किसी बालिका फुटबॉल टीम है, जिसने भाग लिया। विगत सितंबर माह में इंटर डिसर्ट्रिक्ट टूर्नामेंट का खिताब इस सत्र में कोरबा में आयोजित प्रतियोगिता में जीत कर एक नया इतिहास बालोद जिला के लिए बनाकर इस क्षेत्र का मान बढ़ाया।

### प्रतियोगिता में राज्यभर की 6 टीमों ने लिया था हिस्सा




#### टीम में ये रहे शामिल

इस प्रतियोगिता में शालिनी, बिंदु, प्रतिभा, जिया, भूमिका, दीपिका, मनीषा, किरण, ज्योति, जानकी, पिंकी, दीपलता, हर्षिता, नंदिनी, प्रिया, अनामिका, शिवानी, चिंतापूरिनी, लक्ष्मी, अंजलि, राधा, सोनम, डॉली सभी ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। इस बड़े स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने के लिए सभी खेल प्रेमियों, पालकगण, डीएफए बालोद, के सेक्रेटरी त्रिनाथ नायडू, रविकांत, बॉबीथापा , लोकु, रिंकू, टीनू का तथा सभी साथी खिलाड़ियों का क्लब के अध्यक्ष और सदस्यों तथा टीम के कोच ने आभार प्रकट किया है।

## समस्या : पानी टंकी के निर्माण पर नगर पालिका प्रशासन ने लगाई रोक

# इस साल भी दूर नहीं हो पाएगी कुंदरूपारा व शिकारीपारा के लोगों की पेयजल समस्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के कुंदरूपारा और शिकारीपारा के अधिकांश वार्ड वासियों को आने वाले दिनों में बीते वर्षों की तरह ही पानी की किल्लत से जूझना पड़ सकता है।

वैसे तो साल भर इस क्षेत्र में पेयजल समस्या बनी रहती है, लोगों को पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पाता, लेकिन गर्मी में यहां रहने वाले वार्डवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और अब आगे भी करना पड़ेगा। दरअसल कुंदरूपारा में पेजयल संकट को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से लगातार खबर प्रकाशित किया, जिसके फलस्वरूप नगर पालिका प्रशासन द्वारा कुंदरूपारा स्थित अटल आवास के पास 1 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से 250 किली. क्षमता की नई पानी टंकी बनाने का कार्य प्रारंभ होना था। इसके लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है, निविदा के बाद कार्य आदेश भी जारी हो गया था। वहीं, मोहल्ले में पाइपलाइन का विस्तार भी कर दिया गया है, लेकिन अब पानी टंकी के निर्माण में रोक लगा दी गई है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा जारी आदेश में टंकी निर्माण कार्य को तत्काल बंद करने का आदेश किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बिलासपुर हाईकोर्ट द्वारा आईएचएसडीपी के निर्मित आवास परिसर की रिक्त भूमि पर पानी टंकी का निर्माण और पाइपलाइन विस्तार को तत्काल बंद करने का आदेश है।

■ 1 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से 250 किली. क्षमता की नई पानी टंकी का होना था निर्माण

#### पानी की समस्या दूर करने टंकी निर्माण आवश्यक

कुंदरूपारा निवासी देशीर बाई, सीता यादव, शलेन्द्री यादव, संतोषी यादव, शोनसिर ठाकुर, गोदावरी मंडावी, रिमन मंडावी, देवबती, राधा बाई सहित अन्य वार्डवासियों ने कहा कि बीते कई सालों से मोहल्लेवासी पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। वार्डवासियों ने कहा कि पानी टंकी बनना बहुत जरुरी है। अगर उक्त जगह पर टंकी निर्माण के लिए रोक लगा दी गई है, तो इसके लिए नगर पालिका प्रशासन अन्य जगह का चयन करे और टंकी का निर्माण करें, ताकि वर्षों पुरानी पानी की समस्या से वार्डवासियों को मुक्ति मिल सके।

# मोहारा समिति में नहीं थम रही धान खरीदी में मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सेवा सहकारी समिति मोहारा में किसानों की शिकायत एवं अधिकारियों के निरीक्षण के बाद भी स्थिति नहीं सुधर रही है। अब भी किसानों से अतिरिक्त धान तौलने, तौलते समय धान को जमीन पर गिराने की शिकायतें किसान कर रहे हैं। वहीं, समिति द्वारा शासन की गाईड लाईन के खुला उल्लंघन का आरोप लगाया जा रहा है।

■ किसानों ने लगाया आरोप, शिकायत के बाद भी नहीं सुधर रही स्थिति

बीते सप्ताह सेवा सहकारी समिति मोहारा में जनपद सदस्य धनुष राम की शिकायत के बाद धान अतिरिक्त तौलने की मामला सामने आया था। मामले में खाद्य विभाग के अधिकारी द्वारा निरीक्षण करने की बात सामने आई है, लेकिन जांच में क्या मिला, क्या कार्यवाही हुई यह तो नहीं पता लेकिन सोमवार को भी धान खरीदी के दौरान अधिक धान तौलने की शिकायत मिली।

किसानों ने नाम नहीं बताया, उनको डर है कि नाम उजागर होने पर समिति द्वारा उनका धान को रिजेक्ट कर दिया जाएगा या उनका धान विलंब से तौला जाएगा, इसलिए नाम नहीं बताते हुए किसानों ने ▶▶| शेष पेज 12 पर



#### जिम्मेदारों ने आरोपों को बताया बेबुनियाद

ठेकेदार सुकालू राम ने कहा कि 13 सालों से समितियों में ठेकेदारी कर रहा हूं, कभी किसानों ने मुझे शिकायत नहीं की। चलता कांटा है कभी कम, कभी ज्यादा हो जाता है। समिति के निर्देशानुसार कार्य किया जा रहा है। लगाए जा रहे आरोप गलत व बेबुनियाद है। समिति के प्रभारी प्रबंधक केएन सोनवानी ने कहा सभी आरोप गलत एवं बेबुनियाद है। इलेक्ट्रॉनिक कांटा को ठीक करा कर उससे तौलाई की जा रही है, अब ज्यादा नहीं तौल रहे हैं। सूर्यास्त के बाद परिवहन नहीं होता।

# डुंडेरा में जुआ-सट्टे का कारोबार जोरों पर

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम डुंडेरा की कुछ दुकानों में इन दिनों जुआ सट्टा का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। इन पर नकेल कसने स्थानीय पुलिस नाकाम साबित हो रही है। पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। क्षेत्र में जुआ-सट्टा संचालित करने वाले माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि पुलिस का उन्हें तनीक भी खौफ नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रोज सुबह से ही चौराहों के साथ आसपास की कुछ दुकानों में खुलेआम सट्टा-पट्टी का धंधा चलाया जा रहा है।

यह ग्राम बालोद-अर्जुंदा मुख्य मार्ग पर होने के बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं, पुलिस कभी-कभार दो-चार छोटे छोटे लोगों को पकड़ कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस आरोपियों को पकड़कर तो ले जाती है, परन्तु शाम तक उन्हें छोड़ भी देती है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके कारण सट्टा कारोबार करने वालों की फौज खड़ी होने लगी है और यह कारोबार क्षेत्र में फल-फूल रहा है। लोगों का कहना है कि सट्टे के खेल में युवकों के साथ नाबालिग बच्चे भी आने लगे हैं, जिससे उनके भविष्य को लेकर चिंता गहराने लगी है।

# दो शराब तस्कर पहुंचे जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नशे के कारोबार पर नकेल कसने पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में दो शराब कोचिया पकड़े गए हैं। आरोपियों से 62 पाव देशी शराब एवं एक स्कूटी बरामद किया गया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी सूरज कुमार साहू पिता घनश्याम साहू 37 वर्ष निवासी वार्ड कमांक 18 पुराना बाजार को वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक कोसरिया यादव समाज भवन के पास शराब तस्करी करते हुए पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से एक लाल सफेद रंग के थैला में रखे 30 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रूपये जब्त किया गया। इसी तरह आरोपी विपलव पासवान पिता स्व. रामबसावन पासवान 31 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 10 पुराना बाजार को वार्ड क्रमांक 20 गांची चौंक रेल्वे लाईन के पास अपने स्कूटी में शराब रखकर बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 32 पाव देशी प्लेन शराव कीमती 2560 रूपये एवं बिना नम्बर की स्कूटी बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से दोनों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया है।

# डिस्पोजल पत्तल का उपयोग बंद करने का लिया संकल्प

श्रद्धालुओं को प्रसादी देने राजेश सिन्हा ने उपलब्ध कराया पारंपरिक पत्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र व जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर दूर ग्राम ओडारसकरी में दो दिवसी रामायण सम्मेलन में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा ने पारंपरिक दोना-पत्तल प्रदान किया है। उन्होंने अन्य लोगों से भी प्लास्टिक व डिस्पोजल पतरी, दोना का उपयोग बंद करने का आव्हान किया है।

श्री सिन्हा ने 200 थाली और 200 गिलास देकर एक नई शुरुआत की है। उन्होंने आमजनों से आग्रह किया है कि पर्यावरण को बचाने की इस मुहिम में सभी शामिल हों। इस तरह के आयोजन में डिस्पोजल पत्तल को बंद करने का संकल्प करने उन्होंने ग्रामवासियों को एक तरह से प्रेरित किया है। उन्होंने आयोजनकर्ताओं से कहा कि यदि जरूरत होगी तो वे और पारंपरिक पत्तल, दोना आदि उपलब्ध कराने तैयार हैं। इस कार्यक्रम में रामायण समिति के सदस्य एवं ग्राम चीचा के भूतपूर्व सरपंच अंगिरा सिन्हा, विजय कुमार सिन्हा, मोतीलाल सिन्हा, कृतिका सिन्हा, ललित कुमार, दीपक चंदन, तनु प्रेमलाल, रामदास, विनय साहू एवं अन्यगणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## 22, 26 व 30 को नहीं खुलेंगी मदिरा दुकानें

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के आदेशानुसार सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी प्रकार कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर निर्देशानुसार देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन निर्देश के बिन्दु क्रमांक 16(16.1) के अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भण्डागार, बालोद को 22 जनवरी, 26 एवं 30 जनवरी को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया गया है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# तिल-गुड़ का दान कर पारंपरिक रूप से मनाई गई मकर संक्रांति

अंचल के लोगों ने मंदिरों में की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

धार्मिक नगरी दल्लीराजहरा में मकर संक्रांति का पर्व दो दिनों तक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार और सोमवार दो दिनों का पर्व मकर संक्रांति के रूप में विधि विधान प्राचीन परंपराओं के अनुसार मनाया गया।

प्रातः से ही महिलाएं मकर संक्रान्ति को लेकर विभिन्न व्यंजन तैयार कर दल्लीराजहरा के विभिन्न मंदिरों में पहुंचीं। आचार्य पंडित प्रेम शुक्ला और सनत पाठक ने बताया कि उत्तर भारत में यह पर्व मकर संक्रांति तो गुजरात में उत्तरायण के नाम से जाना जाता है। पंजाब में इसे लोहड़ी, उत्तराखंड में उत्तरायणी और केरल में पोंगल के नाम से मनाते हैं। वैसे तो ये त्योहार हर साल 14 जनवरी को मनाया जाता है, लेकिन इस बार मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जा रहा है। पौष मास में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। इस बार मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाई गई। पंडित सनत पाठक ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि से मिलने के लिए आते हैं। सूर्य और शनि का संबंध इस पर्व से होने के कारण यह काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। ज्योतिष में मकर संक्रांति को सूर्य की उपासना का महापर्व कहा जाता है। मकर संक्रांति के साथ ही खरमास की समाप्त होती है और इस दिन से सूर्यदेव अपने तेज के साथ चलना शुरू करते हैं। इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर संक्रांति का महापर्व इस बार 15 जनवरी मनाया गया। ऐसी मान्यता है कि इसी त्योहार पर सूर्य देव अपने पुत्र शनि से मिलने के लिए आते हैं। सूर्य और शनि का सम्बन्ध इस पर्व से होने के कारण यह काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। आम तौर पर शुक्र का उदय भी लगभग इसी समय होता है इसलिए यहां से शुभ कार्यों की शुरुआत होती है।






## खबर संक्षेप



### कलेक्टर जनदर्शन में मिले12 आवेदन

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों के मांगों और समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आज से कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन शुरू हो गया है। सोमवार को विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित कुल 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन के प्रभारी अधिकारी अनुराग त्रिवेदी द्वारा आवेदकों से प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार आवेदनों के निराकरण हेतु 30 दिनों के भीतर कार्यवाही करते हुए आवेदक एवं जनदर्शन के प्रभारी अधिकारी को प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जनदर्शन में ग्राम पंचायत खेरूद के ग्रामवासियों द्वारा ग्राम खेरूद में किशुन यदु के घर से महेश यदु के घर तक मुख्य नाली में पानी की उचित निकासी की प्रबंध करने की मांग की गई। इसी तरह संत कुमार साहू, मनोज कुमार साहू, फगनी बाई, सालिक राम एवं अन्य आवेदकों के द्वारा भी अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

### डौकीडीह में आज चौसर-कबड्डी स्पर्धा

**अंडा।** समीपस्थ ग्राम डौकीडीह में आज मड़ई-मेला का आयोजन किया गया है एवं एक दिवसीय कबड्डी व चौसर पासा प्रतियोगिता रखा गया है। सरपंच मोहन लाल चंद्राकर ने बताया कि इस अवसर में रात्रि 10 बजे नव ज्योति मंडली रामधुनी सोंहपूर जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### तिल-गुड़ खाकर सबसे मीठा व्यवहार करें

**बालोद।** महावीर भवन में प्रवचन श्रृंखला के दौरान श्री मंजुलाश्रीजी मसा ने कहा कि अनादि काल से हमारा जीवन संसार का परिभ्रमण करते हुए इस अनमोल मनुष्य जीवन को प्राप्त किया है, आत्म धर्म कर रही है हर एक जन्म में धर्म नहीं हो सकता, कर्म जरूर होता है। इस जन्म में हमारा प्रयोजन क्या, इस पर विचार करना चाहिए। सिर्फ प्रार्थना करने से ही हमारा धर्म कहता है आत्मा ही परमात्मा बन जाती है। मकर संक्रांति का दिन एक विशेष दिन होता है, 12 राशि हर एक महीने के बाद एक दूसरे राशि में प्रवेश करती है। सूर्य मकर राशि में प्रवेश कर रहा है यानी की विशिष्ट दिशा की ओर। सूर्य दक्षिणायन में अब तक जाता था जिससे दिन छोटा होता था, मकर संक्रांति से सूर्य उत्तरायण में बढ़ेगा, इसके बाद से दिन बड़ा होता चला जाता है। आज के दिन तिल गुड खाने की विशेष परंपरा है, तिल यानी कि चिकना, हम भी अपने जीवन में प्रेम फैलाएं तथा गुड यानी कि मीठा इसकी तरह ही हम मिठास पूर्ण व्यवहार सभी से करें। एक–एक तिल मिलकर विराट स्वरूप लेता है उसी प्रकार हर व्यक्ति संघ, समाज, परिवार में एक–एक के साथ जुड़े व जोड़े। मिठास होगा तो कोई अलग नहीं होगा, हमारा लक्ष्य आध्यात्मिक, साधना व धर्म के मार्ग में आगे बढ़ना होना चाहिए।

### बुंदेली कोबा में 2 से श्रीरामकथा का आयोजन



**बालोद।** ग्राम बुंदेली कोबा में 2 से 10 फरवरी तक आयोजित होने वाले नौदिवसीय श्रीराम कथा आयोजन के लिए आज ग्रामवासियों की मौजूदगी में आयोजन समित ने भूमिपूजन किया। श्रीरामकथा प्रेम भूषण जी महाराज के कृपा पात्र राजन महराज सुनाएंगे। इस अवसर पर डोमार साहू, तानुराम साहू, नीरज साहू, रोहित निर्मलकर, तिलक राम, लुमन यादव, नारायण, पाली नायक, देवधर, एमन राणा, जाहिर ठाकुर, घसिया नायक, डीलेश, उभे कोलियारे, विवेक, रुद्र एवं आयोजक परिवार के समस्त सदस्य भोपसिंह साहू, अनुसुइया साहू, डोमन साहू, खिलेन्द्र साहू, मानित्य साहू, अरुण साहू, वेशमति साहू, पुष्पलता साहू, अभिनव, खुशी, राघव और नवनीत उपस्थित थे। यह जानकारी रूपसिंह रावटे ने दी।

## तैयारी : अंचल के गांवों में निकाली जा रही भव्य शोभायात्रा, राममय हुआ वातावरण

# अक्षत वितरण कर घर-घर दिया जा रहा आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर


ग्राम खुंदनी में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा गृह संपर्क अभियान की शुरुआत खंड गुरुर से प्राप्त अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाल कर की गई। शोभायात्रा ग्राम के प्रमुख देवी देवताओं के मंदिर से होते हुए पूरे ग्राम में गुजरी। लोग श्री राम के प्रति समर्पण की भावना व्यक्त करते हुए उत्साह पूर्वक कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। आने वाले दिनों में प्रत्येक घर आमंत्रण पत्र राम मंदिर के छायाचित्र के साथ अक्षत का वितरण किया जाएगा।डीजे की धुन के साथ छोटे बच्चे राम, लक्ष्मण व सीता के वेश मे कलश के आगे आगे पूरे गांव का भ्रमण किया।

ग्रामीणों ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव पर प्रत्येक घरों में राम जी का पूजा आरती की जाएगी। दीप जलेंगे, गांव के मन्दिर, देवस्थान दीपक से जगमगाएंगे। वर्षों बाद रामलला विराजेंगे इसलिए त्रेता युग की तरह राम जी के स्वागत में दीपावली मनाई जाएगी। श्री राम जी का भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। सैकड़ों सालों के संघर्ष के पश्चात श्री राम जन्मभूमि में मंदिर के निर्माण का संकल्प पूर्ण हुआ है। पूजा आरती, राम नाम जाप, कीर्तन कार्यक्रम ग्राम मे किया जाएगा।





### श्रीराधाकृष्ण मंदिर में की गई पूजा-अर्चना



**बालोद।** महावीर गौशाला एवं अनुसंधान केंद्र बालोद में मकर संक्रांति के अवसर पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में शंकर लाल श्रीश्रीमाल, डॉक्टर प्रदीप जैन, मदन लाल बाफना, बक्तावर मल भंसाली, दीपक उपाध्याय, मोहन भाई पटेल प्रमुख रुप से उपस्थित थे। गौशाला परिसर में स्थापित गोपाल कृष्ण मंदिर में पूजन अर्चन के साथ की कार्यक्रम आरम्भ किया गया। स्वागत उद्बोधन निवृतमान अध्यक्ष मुकेश जैन द्वारा दिया गया। डॉक्टर प्रदीप जैन ने कहा कि धन के सहयोग से बड़ा सहयोग समय का सहयोग होता है, आप सभी युवा पीढ़ी जो समय का दान गौशाला को कर रहे हैं, वह वास्तव में काबिले तारीफ है। कार्यक्रम में गौशाला परिसर में सीसीटीवी के लिए नगर के प्रतिष्ठित गजेंद्र प्रसाद वैश्य द्वारा सीसीटीवी लगवाने की घोषणा किया गया एवं दिनेश तापड़िया द्वारा अपने माता–पिता के नाम पर म्यूजिक सिस्टम लगाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य एवं गीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरज उपाध्याय तथा आभार प्रदर्शन डॉक्टर प्रवीण गुप्ता ने किया।

## अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर नगर में छलक रहा उत्साह, होंगे विविध कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर नगर में भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। नगर की महिलाएं पुरुष युवा सभी इस पल को अविस्मरणी बनाने के लिए जुटे हुए हैं। इसके लिए समिति बनाकर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जा रही है। 22 जनवरी 2024 का वह शुभ दिन जब भगवान श्रीराम जी अपने श्रीधाम अयोध्या में पधारेंगे ,गवाह होंगे नगर के प्रबुद्धजन एवं नागरिक गण सभी मिलकर इस आयोजन को नया रूपरेखा देने के लिए आज दंतेश्वरी मंदिर के प्रांगण में विचार विमर्श किये व कार्य योजना तैयार की गई।

इसके अनुसार मुख्य मार्ग अंडी चौक से वनविभाग तक भगवा ध्वज ,पताका और अन्य वस्तुओं द्वारा साज सज्जा,नगर के मंदिरों की साज सज्जा साफा ,पगड़ी की व्यवस्था, छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध नारधा का रुखड़ नाथ, जस जगराता और अघोरियों की टीम लगभग 55 लोगो की टीम ,संगीत के साथ प्रदर्शन किया जाएगा। महिलाओं, मानस समिति ,महिला समूह व स्कूली छात्राओं को को शोभायात्रा में सम्मिलित करना है। महाआरती मुख्य चौक में साथ ही महा प्रसादी वितरण, नगर और आसपास के लोगों को सम्मान सहित आमंत्रित करने हेतु आमंत्रण कार्ड छपवाया जायेगा। शोभायात्रा में पानी बिस्किट की व्यवस्था। दस किलोमीटर के क्षेत्र में प्रचार प्रसार करना, घर घर दीप प्रज्वलित करने के लिए प्रेरित करना। डी जे सिस्टम की व्यवस्था करना। आतिशबाजी ,महाआरती के समय शोभायात्रा के लिए कोई भी अच्छा सुविधायुक्त गाड़ी में राम दरबार सजाया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से प्रेम भंसाली ,धर्मेंद्र निषाद ,नरेंद्र यादव ,बी एल साहसी ,देवरत देवांगन ,सुरेश देवांगन ,हर्षवीर कसार ,मिथलेश निषाद ,नरेंद्र जैन ,धीरज जैन ,शिव सिन्हा ,मदन ठाकुर ,अशोक राव ,तुलसी बढ़ई ,ओम प्रकाश निषाद ,हिमांचल ,डोमेन्द्र साहसी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## अक्षत कलश लेने डौंडी पहुंचे आसपास के ग्रामीण

**डौंडी।** रामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान-समिति, डौंडी नगर द्वारा गाँव-गाँव मे बैठक आयोजन कर अयोध्या-धाम से आये अक्षत कलश को प्रत्येक गांव में स्थापित करने और अक्षत वितरण संबंधी जानकारी दी जा रही है। इससे पूरे डौंडी क्षेत्र गांव-गांव में राम नाम रूपी गंगा बह रही है और भक्तिमय वातावरण निर्मित हो रहा है। इसी क्रम में आड़ेझर, कामता,भीमाटोला, खैरवाही, कोटागाव, सुरडोंगर, जबकसा जैसे सघन जंगल क्षेत्र से भी अक्षत कलश स्थापित करने राम भक्त कलश लेने स्थानीय रामजानकी मंदिर गाजे-बाजे के साथ डौण्डी पहुंच रहे हैं। भंडारी पारा डौण्डी निवासी कृष्णा रावटे, रामचंद्र, बिंदु ठाकुर एवं महिला समूह द्वारा राम नाम जपते ढोलक मंजीरा के साथ रामभक्त कलश लेने मंदिर पहुँचे। इसी क्रम में झुरहाटोला ग्रामण छगन यदु एवं समूह के रामभक्तो द्वारा ढोलक, पेटी, मंजीरा सहित पूरे नगर में राम भजन गाते हुए शोभ-यात्रा निकाली गई, जो डौण्डी नगर में आकर्षण का केंद्र रही। डौण्डी नगर के वार्ड 03 में अक्षत वितरण कार्यक्रम पार्षद ममता जैन, उपाध्यक्ष रूपेश नायक द्वारा दल बल राभभक्तों के साथ राम भजन करते हुए घर-घर अयोध्या से आये पूजित अक्षत, निमंत्रण पत्रक,मंदिर फोटो का वितरण किया गया। वार्ड की माता बहनों द्वारा पूजा थाली निकाल कर सभी रामभक्तो पर पुष्प वर्षा करते हुए तिलक लगा कर आरती की गई फिर निमंत्रण लिया गया लोगो के मन मे रामजन्मभूमि के प्रति काफी उत्साह,उमंग देखने को मिल रहा है नगर के सभी घरों में दीपक जलाकर दीपावली जैसा वातावरण अभी से निर्मित किया जा रहा है।

## पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दीं आहुतियां





**अंडा।** दुर्गग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में पावन प्रज्ञा पुराण कथा के चौथे दिन सुबह पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने यज्ञ कर आहुति समर्पित की। इसके बाद दोपहर प्रज्ञा पुत्र सुरेश यादव ने आज के कथा प्रसंग में महाराज जनक व अष्टांवाक्र के बीच संवाद व ब्रह्मज्ञान का आत्मिक निरूपण किया गया।

धर्म धरना एवं व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र उपासना साधना आराधना का विवेचन साथ ही सत्संग की महिमा का विल्वमंगल तुलसीदास सूरदास गणिका प्रसंगों के माध्यम से किया गया। कल मुंडन विद्यारम्भ पुंसवन व दीक्षा संस्कार निःशुल्क सम्पन्न होगा। पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुतिय गायत्री परिवार बड़बिल शाखा की ओर से एक पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। मानव में देवत्व के उदय का मूल उद्देश्य को प्रत्येक घरों तक पहुंचाने के क्रम में आयोजित पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आरंभ धर्म ध्वजारोहण, कलश यात्रा, कलश स्थापना सहित दीप पूजन और यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में दलकी बस्ती और आसपास के श्रद्धालुओं ने आहुतियां प्रदान की।

## युवा दिवस पर किया रासेयो स्वयंसेवकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप मे धूमधाम से मनाया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बच्चों द्वारा रैली निकाली गई और नशा मुक्त समाज बनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत रानू हेमंत सोनकर ने स्वामी जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए स्वामी विवेकानंद की जयंती की शुभकानाएं दी। अध्यक्ष जनपद पंचायत सुचित्र हेमंत साहू ने छात्र-छात्राओं से अपने विद्यालय जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए अनुशासित होकर अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया। जिला संगठक डाक्टर लीना साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं का एक मंच प्रदान करता है, जिससे युवाओं के व्यक्तित्व और सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है और युवा नियमित दिनचर्या का पालन करते हुए अपने अच्छे भविष्य का निर्माण स्वयं कर सकते है। सेवानिवृत प्राचार्य एचएल देवांगन ने स्वयं सेवकों के कार्य की सराहना करते हुई उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई दी। प्राचार्य अजय चौधरी और प्रधान पाठक संलग्न पूर्व माध्यमिक शाला ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर विचार देते हुए अपने जीवन में उतारने हेतु प्रेरणा दी।

उक्त अवसर पर व्याख्याता टीआर चंद्रवाशी, टीएल साहू, ओपी साहू, केके हिरवानी, पांडे, गाइड कैप्टन किरण ठाकुर, बी मांडवी, पीटी आई निर्मलकर, छात्र प्रतिनिधि चंदन, सात दिविसीय शिविर नायक अमित सोनकर, टिकेश्वरी, दीपिका, हर्ष सोनकर, कविता बंजारे मौजूद थे। वहीं स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र और मेडल पहना कर सम्मानित किया गया।

## मांझी धाम में जनवादी रचनाओं पर हुई चर्चा



**बालोद।** जनवादी लेखक संघ छत्तीसगढ़ अध्यक्ष साहित्यकार डॉ. परदेसी राम वर्मा की उपस्थिति में मांझी धाम बाघमार में जनवादी रचनाओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता फुलवा देवी कांगे ने की, उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से नए लेखकों को बल मिलता है। वरिष्ठ रचनाकारों के अनुभव से नए लेखकों को राह मिलती है, इस रचना कार्यशाला में राजकुमारी कांगे की गद्य रचना कांगला मांझी आदिवासी समाज के अग्रदूत का वाचन हुआ। राजकुमारी कांगे की इस गद्य रचना के संबंध में परदेसी राम वर्मा ने कुछ सुझाव देकर कहा कि किसी भी प्रमुख व्यक्तित्व की जीवनी एवं उनके योगदान पर लिखते समय तथ्यों एवं प्रमाण की सत्यता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। राजकुमारी कांगे की गद्य रचना में यह सतर्कता है रचना श्रेष्ठ है। बालोद के कवि अशोक आकाश ने दो कविताओं का पाठ किया। अशोक आकाश की दूसरी कविता नेत्रदान पर की प्रेरणा देती कविता है, यह नेत्रदान की महत्ता पर प्रेरणादायी गीत है, जिससे निश्चित ही जनमानस को श्रेष्ठ संदेश मिला है।

## सशिमं में मनाई गई विवेकानंद की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया, संस्था के प्रधानाचार्य फलदेव साहू, वरिष्ठ आचार्य सूखित राम कलिहारी, आचार्य परिवार मनोहर साहू, कामता प्रसाद, दीदी रंजना सिन्हा, ज्योति सिन्हा, टुमेश्वरी पटेल, चितेश्वरी साहू, बिना साहू एवं लिलेश्वरी साहू द्वारा स्वामी विवेकानंद को नमन किया गया। भैया बहनों ने स्वामी विवेकानंद, भारत माता, रानी लक्ष्मीबाई, छत्तीसगढ़ महतारी की वेशभूषा धारण कर ग्राम की गलियों में भ्रमण किया। भैया बहनों ने देश भक्ति गीत, भजन, गीत का गायन किया।

प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से उनके उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भी अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापना पर अपने घरों में कम से कम 5 दीपक जलाने की बात कही।

पेज 11 के शेष

### मोहारा समिति में नहीं ...

कहा कि सोमवार को भी धान ज्यादा तौला गया है। यहां यह भी बताया जा रहा है कि किसानों के धान को तौलने के बाद समय पर सिलाई नहीं की गई एवं बोरो की सिलाई करते समय बोरो से धान को जमीन मे गिराया गया है, जिससे सिलाई के बाद में बोरो को तौलने पर धान ज्यादा न निकले। समिति में शासन की गाईडलाइन का भी पालन नहीं हो रहा है। यहां धान तौलने के कुछ मामले में जिसमे मोटा धान अधिक है का स्टेक नही लगाकर खड़े बोरो को सीधे मिलरो को दिया जा रहा है। जबकि धान खरीदी के बाद स्टेक लगाने एवं भौतिक सत्यापन जरूरी बताया जाता है। इससे पहले इससे पुर्व मे खरीदे गए धान जो स्टेक में है वह कई सप्ताह से ज्यों का त्यों पड़ा है एवं नई आवक का उठाव हो रहा है, जिससे पूर्व में की गई खरीदी धान के सुखने, चूहा, दीमक, भूसी कीड़ा लगने जैसी समस्या आ सकती है, जिससे समिति को नुकसान हो सकता है, यह यह भी बताया जा रहा है कि समिति में कई बार सूर्यास्त के बाद धान का परिवहन हुआ है। किसानों का दावा है कि सारी शिकायतों की सच्चाई कितनी है यह समिति में लगे सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड को जांच करने से स्पष्ट हो सकेगा। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि यहां जो व्यक्ति ठेकेदारी कर रहा है, वह बीते 13 वर्षों से धान खरीदी के दौरान कई समितियों में ठेकेदारी कर चुका है। वहीं, यहां पदस्थ समिति प्रबंधक प्रभारी है, जिससे किसानों का आरोप है कि ठेकेदार समिति के ऊपर हावी रहता है एवं मनमानी करता है।

## यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह में किया गया बदलाव

# लोगों को जागरूक करने माहभर चलेगा सड़क सुरक्षा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यातायात सड़क सुरक्षा सप्ताह में बदलाव कर दिया है, अब यह अभियान सड़क सुरक्षा माह होगा। पहले यह अभियान एक सप्ताह का होता था वो अब पूरे एक माह का होगा।

यातायात पुलिस द्वारा हर साल सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान चलाया जाता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और वाहन सवार लोगों को यातायात नियमों का पालन कराना है। हर साल इस अभियान के तहत यातायात पुलिस लाखों रुपये खर्च कर देती हैं, लेकिन इस अभियान से जिले में अब तक किसी भी तरह का प्रभाव नहीं पड़ रहा है या यूं कहें कि यह अभियान अपना असर नहीं छोड़ पा रही है। यातायात पुलिस द्वारा अब इस अभियान को सप्ताह के बजाए माह में तब्दील कर दिया गया है। प्रशासन भी मान रहे हैं कि एक सप्ताह में लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं, इसलिए अब इस अभियान को पूरे एक माह तक चलाया जाएगा और लोगों को जागरूक करने युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जाएगा।

सोमवार को जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर इस अभियान की शुरुआत की। जितेंद्र कुमार यादव के साथ पुलिस प्रशासन के अन्य सभी आलाधिकारी व पुलिसबल मौजूद रहें। पुलिसबल ने हेलमेट लगाकर शहर में बाइक रैली निकाली और लोगों को जागरूक करने इस अभियान की शुरुआत की।




### हर साल 160 से 200 की मौत, 2023 में 165 की मौत

यातायात पुलिस द्वारा दिये गए आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 165 लोगों की मौत हो चुकी है। यह आंकड़ा बीते कुछ वर्षों में हुए मौत के आंकड़े से लगभग मिलता जुलता है। यातायात पुलिस द्वारा हर साल इस अभियान के तहत लाखों खर्च किया जाता है और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। इसके साथ ही साल भर लापरवाह चालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही कर लाखों रुपए का जुर्माना वसूल करते हैं, उसके बाद भी लोगों में जागरूकता की कमी है।

सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि सभी व्यक्ति जागरूक बने, लापरवाही से वाहन न चलावे, बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने बालोद पुलिस द्वारा निरंतर सड़क नियमों का पालन करवाने के लिए माह भर जागरूकता अभियान चलाया जाना है, हमारा या शासन का मकसद सिर्फ चालान काटना नहीं होता बल्कि यह लापरवाह वाहन चालकों को सबक सिखाने, भविष्य में दोबारा गलती नहीं करने के लिए जागरूक करना होता है।

### लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से हो रहीं ज्यादातर दुर्घटनाएं

पिछले तीन सालों के आंकड़े में देखा गया कि बालोद जिले में दुर्घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही है, सिर्फ और सिर्फ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण यह घटनाएं घटित हो रही है। इन दुर्घटनाओं में देखा गया कि चालक द्वारा शराब का सेवन कर ड्राइविंग किया जाता है, शराब सेवन कर वाहन चलाने से निर्णय लेने की क्षमता भी कम हो जाती है व वाहनों की स्पीड भी काफी तेज गति से रहती है। बालोद जिले में कुछ माह पहले अलग–अलग वाहन दुर्घटनाओं में 11 व 6 लोगों की जान गई, वाकई में यह बहुत ही दर्दनाक है। लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यह घटनाएं घटित हुई। इसी प्रकार साइबर मड़ई के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है, कि आजकल मोबाइल में मैसेज, महतारी वंदन योजना, एआई टेक्नॉलाजी का यूज कर आवाज की नकल करना, अनजान लिंक, लोन दिलाने के नाम से ठगी, किसानों की योजनाओं के नाम से ऑनलाइन फ्रॉड हो रहा है, ऑनलाईन फ्राड कॉल लिंक से बचे यदि कोई ऐसा करता है तो उसकी तत्काल सूचना साइबर सेल बालोद में दें।

## खबर संक्षेप



### गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

**बालोद।** कलेक्टर चन्द्रवाल जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु बैठक लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया हैं। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा भी की। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह गरिमा के अनुरूप बेहतर ढंग से आयोजन करने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बताया कि मुख्य समारोह का आयोजन स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में किया जाएगा। इस दौरान मुख्य समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी दी गई।

### मंदिरों में चला स्वच्छता अभियान



**बालोद/कलंगपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 14 जनवरी मकर सक्रांति के दिन से मंदिरों में स्वच्छता अभियान के तहत गुण्डरदेही भाजपा मंडल के सदस्य मोपेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में बोरगहन स्थित भरारीपाट वेद माता गायत्री मंदिर एवं हनुमानजी के मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा अचौद शक्ति केंद्र संयोजक एवं आईटी सेल संयोजक मण्डल गुण्डरदेही मोपेन्द्र कुमार साहू एवं ग्राम बोरगहन के देवलाल साहू, दिनेश साहू, टोपसिंह ठाकुर, कमल साहू, खिलेश्वर साहू व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आज 14 ग्रामों में पहुंचेंगी संकल्प यात्रा

**बालोद।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्र का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव तथा खैरा में सुबह 10 बजे एवं भेड़ी लो और कोबा में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्राम कसोंदा, बोरगहन फू और सलोनी में 10 बजे तथा ग्राम सुखरी, भूसरेंगा और चौरेल में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत गुरूर के कन्हारपुरी में 10 बजे तथा ग्राम सोनईडोंगरी में दोपहर 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद पंचायत डौण्डी के ग्राम धोतिमटोला में 10 बजे तथा ग्राम टेकाढोड़ा में 2 बजे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### चिल्हाटीकला में मड़ई 18 को

**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम चिल्हाटीकला में 18 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक नाच पार्टी घीना (अर्जुंदा)का कार्यक्रम रखा गया है।

## कार्यक्रम : पहले दिन महिलाओं ने पीतवस्त्र धारण कर निकाली कलश शोभायात्रा

# मकर संक्रांति पर तितुरगहन में हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और विविध संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मकर संक्रांति के अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा ग्राम तितुरगहन में पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ श्रीमद् प्रज्ञापुराण कथा का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस मंगल कलश शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में पीतवस्त्र के साथ महिलाएं कलश धारण कर भजन कीर्तन करते हुए ग्राम को भ्रमण कर तालाब में जलवरुण देवपूजन किया। यज्ञशाला में मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच दुखिया देवी साहू, पुष्पा देवी साहू, धनेश्वरी देवी साहू, पूर्णिमा देवी साहू के करकमलों से विचार क्रांति अभियान ध्वजारोहण किया गया।

अतिथियों ने कहा कि विश्व कल्याण के लिए ऐसे धर्म आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे व्यक्ति व समाज अनेक बुराइयों से हैं और आपसी भाईचारा की भावना में वृद्धि होती है। गायत्री परिवार के यज्ञाचार्य तामेश्वर गुरुजी द्वारा देवपूजन देवस्थापना की और प्रज्ञापुराण कथा के माध्यम से व्यक्ति






निर्माण, समाज निर्माण व राष्ट्र निर्माण संबंधित प्रेरणाप्रद दृष्टांत द्वारा श्रद्धाजनों को संबोधित किया। संगीतमय यज्ञ संचालन करते हुए राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि मानव में भक्ति, ज्ञान व वैराग्य का उदय तभी होता है जब किसी तपस्वी, साधना से युक्त, वेदमूर्ति गुरु से दीक्षित हो शिष्य परमार्थमय जीवन जीता है, जिससे जीवन शांतिदायक आनंदमय हो जाता है।

नवयुग अवतरण के स्वागत के लिए दीपयज्ञ किया गया जिसमें समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र की आहुति दी गई। दूसरे दिन प्रातः पाँच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ हुआ जिसमें विद्यारंभ, पुंसवन, अन्नप्राशन संस्कार कराये गए और पूर्णाहुति में परिजनों ने सद्गुणों को धारण करने व बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लिया। गायत्री महायज्ञ की समापन बेला में विशेष अतिथि के रूप में दिपास जैन, ओमप्रकाश बनपेला, भलेश्वर गजपल्ला, कुंजलाल साहू, रोहित कुमार विश्वकर्मा, सोनसाय साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

## पाटन पहुंचे विधायक ईश्वर लोगों ने किया भव्य स्वागत





**जामगांव आर।** साजा विधानसभा के स्वर्णिम इतिहास रचने वाले विधायक पाटन विधानसभा कार्यक्रम में पहुंचे तो स्वागत करने वाले और साथ में फोटो खिंचाने वालों की लंबी लाइन दिखने लगी। इसी कड़ी में साहू समाज बेलहारी परिक्षेत्र अध्यक्ष टेसराम साहू गातापार और उनके सुपुत्र अंकित साहू ने भी विधायक ईश्वर का स्वागत कर उनके साथ फोटो खिंचवाई।

## रौना में नवनिर्मित भवनों का विधायक ने किया लोकार्पण



**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम रौना में नवीन पंचायत भवन लागत 18 लाख सामुदायिक भवन 6.50 लाख, सांस्कृतिक कला मंच 2 लाख, छत्तीसगढ़ महतारी प्रतिमा स्थापना 10 हजार, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर मूर्ति स्थापना 20 हजार एवं शौचालय निर्माण एक लाख का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक निषाद ने ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि गांव का विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य स्वीकृत करवाए जा रहे हैं।

## पलारी पहुंचीं विधायक संगीता



**गुरूर।** राज्य स्तरीय रामचरित मानसगान प्रतियोगिता पलारी में विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुईं। विधायक बनने के बाद ग्राम पलारी के प्रथम आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। राम दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में भगवान श्री राम के आदर्शों को अपनाकर जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में विधायक के साथ मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषन साहू, मंडी बोर्ड के उपाध्यक्ष बंसत सोनबेर, जोन प्रभारी टोमन दाऊ, यानेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चोवा राम साहु, टेक लाल साहू पुनेश्वर साहू, लता सोनबेर, सेक्टर अध्यक्ष तीर्थशंकर साहू बुथ अध्यक्ष व कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## शिव महापुराण सुनने मुड़पार पहुंचीं विधायक संगीता





**गुरूर।** संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ग्राम मुड़पार में आयोजित श्री शिव महापुराण यज्ञ में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों को श्री शिव महापुराण के आयोजन के लिए बधाई देते हुए सभी के जीवन में सुख शांति की कामना की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषन साहू, जोन अध्यक्ष टोमन दाऊ, श्रीचोवा राम साहू ग्राम के वरिष्ठ कांग्रेसी पुनारद साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण देने पीसेगांव में निकाली कलश शोभायात्रा

**अंडा।** ग्राम पीसेगांव में प्रभु श्रीराम जी की नगरी अयोध्या से आये अक्षत कलश का भ्रमण कराने शोभायात्रा निकाली गई। गांव के युवाओं एवं सृजनशील





महिला मंडल पीसेगांव द्वारा जस गीत, रामसत्ता, भक्ति गीतों के माध्यम से 22 जनवरी को रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया गया। ग्राम में जगह जगह महिलाओं द्वारा आरती पूजन कर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के संयोजक रमाकांत देशमुख ने बताया कि अक्षत कलश शोभायात्रा शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर गांव का भ्रमण करते हुए वापस शीतला मंदिर पहुंची, जहां पर प्रभु श्री राम जी की आरती और हनुमान चालीसा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। साथ ही सभी भक्तों के लिए राम खिचड़ी प्रसादी वितरण किया गया। इस शोभा यात्रा में न्यु सत के अंजोर पंथी नृत्य दल पीसेगांव, आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज पीसेगांव, जय श्रीकृष्ण नेवरिया चरवाहा समिति पीसेगांव, सरिता महिला मानस मंडली पीसेगांव, सृजनशील युवा, महिला मंडल पीसेगांव युवा लक्ष्मी उत्सव समिति पीसेगांव, निषाद समाज पीसेगांव, नवीन लक्ष्मी उत्सव समिति आबादी पारा पीसेगांव, ग्राम शीतला समिति पीसेगांव, बाल लक्ष्मी उत्सव समिति बाडी पारा पीसेगांव एवं सर्व समाज पीसेगांव, समस्त ग्रामवासी पीसेगांव का विषेश सहयोग रहा।

## 17 को गुंडरदेही पहुंचेंगे सीएम साय, कलेक्टर ने देखी तैयारी



**गुण्डरदेही।** गुण्डरदेही में बुधवार 17 जनवरी को रामचरित मानस ग्रंथ वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगमन को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने नगर के जेएलएम इंग्लिश मीडियम स्कुल के पास होने कार्यक्रम सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान हेलीपैड पार्किंग व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि प्रमोद जैन, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, ठाकुरराम चंद्राकर, गुण्डरदेही एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीएम शीतल बंसल, एसडीओपी प्रतीक चतुर्वेदी, यातायात प्रभारी राकेश ठाकुर, राजस्व विभाग पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## देवकोट में धूमधाम से मनाई गई सहस्त्रबाहू जयंती



**गुरूर।** ग्राम देवकोट में परिक्षेत्रस्तरीय सहस्त्रबाहू जयंती व सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने समाज को और ज्यादा संगठित होने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलार समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा ने की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, पूर्व तहसील साहू समाज के अध्यक्ष टोमन दाऊ, जनपद पंचायत गुरूर के उपाध्यक्ष तोषन साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष दुर्गु राम सिन्हा, विनस गजेंद्र, शिव कुमार सिन्हा, पूर्व मंडलेश्वर घनश्याम सिन्हा सहित समाज के गणमान्य नागरिक व ग्रामीण उपस्थित थे।

## शासकीय विद्यालय डौंडीलोहारा में युवा दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंडीलोहारा में युवा दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। भाषण व निबंध प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य एलके ठाकुर ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्हा बच्चों को शिकागो सम्मेलन तथा वहां स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए भाषण की जानकारी दी। डीआर साहू और एनके पाटिल ने बच्चों को विवेकानंद के जीवन की प्रेरक घटनाओं से अवगत कराया। इसी क्रम में एनुका शार्वा ने स्वामी जी के



प्रेरक विचारों को बच्चों को सुनाया। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त विद्यार्थियों के साथ-साथ, महाविद्यालय के भी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। शिक्षक अविनाश साहू ने बच्चों को स्वामी जी के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करते हुए आभार प्रकट किया। हेमन्त साहू ने सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को नशा न करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पीके मेश्राम, आरडी ठाकुर, आरएस देशमुख, व्हीके भंडारी, लवण साहू, डुप्ले साहू, पुष्पा कटेंद्र, संगीता वैदे, छाया नंदा, रीना मंडल, आरएन योगी, भूपेंद्र पटेल, टी साहू, एच नाइक, सौरभ शर्मा,सूर्योदय मानिकपुरी,कपिल पटेल, डामन देशमुख, भारती साहू, गिरीश साहू, संध्या ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

## भोइनापार में अनमोल डांस, परिवार पुरी धमतरी ने जीती प्रतियोगिता

**लाटाबोड़।** ग्राम भोइनापार में रविवार को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लक्ष्मी उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में आयोजित उक्त प्रतियोगिता के सामूहिक वर्ग में प्रथम स्थान अनमोल डांस परिवार पुरी धमतरी ने प्राप्त किया। इसी तरह द्वितीय स्थान मनमोहनी डांस परिवार डोंडी एवं तृतीय शालू एवं साथी रायपुर ने प्राप्त किया। इसी तरह युगल में प्रथम धरोहर डांस परिवार मार्री बंगला, द्वितीय मोर मोरनी देवरी बंगला एवं तृतीय मिताली तथा दामिनी देवरीबंगला रहीं। वहीं, एकल नृत्य में प्रथम प्रतिमा ध्रुवे मुहभट्टा, द्वितीय जयकिशन साहू मटिया (पी) तथा तृतीय पुरस्कार राखी पटेल धनेली ने जीती। इसके साथ ही प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार बेस्ट नृत्य गोरी तोर सुरता ग्राम निपानी, बेस्ट वेशभूषा मया मया लागे मोला, कोटागांव, भावपक्ष में मोनिका विश्वकर्मा ठेमाबुजुर्ग, झांकी बस्तरिहा गीत मुढ़यिा को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच सहित सभी अतिथि, आयोजक लक्ष्मी उत्सव समिति के अध्यक्ष तामेश्वर साहू उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू सचिव राकेश कुमार साहू सहित सभी कार्यकर्ता, ग्रामीण एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005 recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com
Applications are invited for the position of
VICE-CHANCELLOR
A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.
Professor, Associate Professor, Asst. Professor
Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.
Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com
Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.
Registrar
Website : www.bhartiuniversity.org

## ग्रामीण अंचलों में झोला छाप डाक्टरों की मनमानी

**बालोद।** जिले के गुरूर ब्लाक स्थित ग्राम पलारी, पेरपार, कंवर और बागतराई के ग्रामीणों ने बताया कि उनके ग्रामों में झोलाछाप डॉक्टरों की इतनी मनमानी है कि वे मरीजों का ईलाज तो करते हैं साथ में छोटे ईलाज के लिए अधिक दाम लेते हैं। लेकिन उनके द्वारा ईलाज करने के बाद भी कई बार मरीज ठीक नहीं हो पाते। ऐसे में झोला छाप डॉक्टरों द्वारा मरीज को अपने पहचान के निजी अस्पतालों में भेज दिया जाता है। उन्हें धमतरी के किसी खास अस्पताल में जाने को कह दिया जाता है। ऐसे में मरीजो के साथ परिजनों को मजबूरी में उन निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है, जहां भारी-भरकम बिल से लोगों की कमर टूट जाती है।

न्यायालय तहसीलदार गुरूर,
जिला-बालोद (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

क्रमांक/444/प्र.तह./2024
गुरूर, दिनांक 04/01/24

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासी सोंहपुर प.ह.नं. 17 एवं आम जनता तहसील गुरूर जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार आ. कोदूराम जाति गोड़ निवासी सोंहपुर तहसील गुरूर जिला बालोद ने आवेदन पेश किया है कि आवेदक के माता ईश्वरी बाई पति कोदूराम की मृत्यु दिनांक 12/06/2019 को ग्राम सोंहपुर में हुई है। मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने बाबत आदेशित किया जावें।

अतएव उपरोक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति संस्था हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 19/01/2024 तक स्वयं या विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/01/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गुरूर, जिला-बालोद

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

